भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2818
उत्तर देने की तारीख 17 दिसम्बर, 2025

दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि

2818. श्री बस्तीपति नागराजू:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीटीडीएफ) योजना के अंतर्गत इसकी शुरुआत से लेकर अब तक विभिन्न राज्यों को राज्य-वार और वर्ष-वार कुल कितनी निधि आवंटित की गई है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश से प्राप्त और अनुमोदित प्रस्तावों की संख्या कितनी है तथा अनुमोदित परियोजनाओं के लिए स्वीकृत और जारी की गई राशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या टीटीडीएफ योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(घ) यदि हां, तो विश्वविद्यालयों के नाम, परियोजनाओं की प्रकृति और स्वीकृत वित्तपोषण सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीटीडीएफ) स्कीम 1 अक्टूबर, 2022 को लांच की गई थी। इस स्कीम का उद्देश्य भारत में दूरसंचार के इको-सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए स्टार्ट-अप, एमएसएमई, अनुसंधान संस्थानों और उद्योग के लिए दूरसंचार प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) और नवाचार को वित्तपोषित करना है। टीटीडीएफ स्कीम के तहत निधि राज्य सरकार को आवंटित नहीं की गई है।

(ख) से (घ) दिनांक 10.12.2025 तक आंध्र प्रदेश के सरकारी संस्थानों के दो प्रस्तावों को 206 लाख रुपये की स्वीकृत राशि के साथ अनुमोदित किया गया है जिनमें से 17.25 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं।

*****